NEWS CLIPPING: 22.08.2018

DAINIK BHASKAR

यूनिवर्सिटी के लिए केंद्रीय परियोजना से अनुदान दिलाने की मांग

फरीदाबाद | वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर से मुलाकात की। उनसे विश्वविद्यालय की विकास परियोजना के लिए केन्द्र सरकार की योजना से अनुदान दिलाने का आग्रह किया। कुलपति ने केन्द्रीय मंत्री को विश्वविद्यालय में चल रही विकास परियोजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया दो वर्षों के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा नए पाठ्यक्रम शुरू होने से विद्यार्थियों की संख्या में एक तिहाई वृद्धि हुई है। विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय नए क्लास रूम, लैब व हॉस्टल के निर्माण की योजना पर कार्य कर रहा है। प्रो. दिनेश कुमार ने अनुसूचित जाति के छात्रावास के निर्माण के लिए केंद्र सरकार से अनुदान दिलाने की मांग की। इसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा तीन करोड़ रुपए के अनुदान के लिए आवेदन किया गया था।

NEWS CLIPPING: 22.08.2018

HINDUSTAN

वाईएमसीए ने केंद्र से अनुदान की मांग रखी

फरीदाबाद। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने मंगलवार को केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर से मुलाकात की। उन्होंने विश्वविद्यालय की विकास परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं से अनुदान दिलाने की मांग रखी। कुलपति ने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि दो सालों में कई नए पाठ्यक्रम शुरू होने से करीब एक तिहाई छात्र बढ़ चुके हैं। छात्रों को सुविधाएं देने के लिए नई कक्षाएं, लैब और होस्टल के निर्माण की योजना पर काम जारी है।

NEWS CLIPPING: 22.08.2018

PUNJAB KESARI

कुलपति ने की केंद्रीय मंत्री से मुलाकात

विश्वविद्यालय के लिए अनुदान दिलाने की मांग की

वाईएमसीए के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर से मुलाकात करते हुए। (छाया : एस शर्मा)

फरीदाबाद, 21 अगस्त(ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुज्जर से मुलाकात की तथा उनसे विश्वविद्यालय की विकास परियोजनाओं के लिए केन्द्र सरकार की योजनाओं से अनुदान दिलाने का आग्रह किया।

कुलपति ने केन्द्रीय मंत्री को विश्वविद्यालय में चल रही विकास परियोजनाओं से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि विगत 2 वर्षों के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा नये पाठ्यक्रम शुरू होने से विद्यार्थियों की संख्या में एक तिहाई वृद्धि हुई है। विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय नए क्लास रूम, लैब तथा हॉस्टल के निर्माण की योजना पर कार्य कर रहा है जिसके वित्तीय सहयोग अपेक्षित है जोकि केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के माध्यम से किया जा सकता है। प्रो. दिनेश कुमार ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री से विशेष रूप से अनुसूचित जाति के छात्रावास के निर्माण के लिए केन्द्र सरकार से अनुदान दिलाने की मांग की जिसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा 3 करोड़ रुपए के अनुदान के लिए आवेदन किया गया।

पंजाब केसरी ई-पेपर Wed, 22 August 2018 epaper.punjabkesari.in/c/31498990

NEWS CLIPPING: 22.08.2018

PUNJAB KESARI (DELHI)

केन्द्रीय राज्यमंत्री को विकास परियोजनाओं से अवगत करवाया

फरीदाबाद, (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुज्जर से मुलाकात की तथा उनसे विश्वविद्यालय की विकास परियोजनाओं के लिए केन्द्र सरकार की योजनाओं से अनुदान दिलाने का आग्रह किया। कुलपति ने केन्द्रीय मंत्री को विश्वविद्यालय में चल रही विकास परियोजनाओं से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि विगत दो वर्षों के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा नये पाठ्यक्रम शुरू होने से विद्यार्थियों की संख्या में एक तिहाई वृद्धि हुई है। विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय नये क्लास रूम, लैब तथा हॉस्टल के निर्माण की योजना पर कार्य कर रहा है, जिसके वित्तीय सहयोग अपेक्षित है जोकि केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के माध्यम से किया जा सकता है। प्रोण् दिनेश कुमार ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री से विशेष रूप से अनुसूचित जाति के छात्रावास के निर्माण के लिए केन्द्र सरकार से अनुदान दिलाने की मांग की, जिसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा तीन करोड़ रूपये के अनुदान के लिए आवेदन किया गया था। कुलपति ने केन्द्रीय मंत्री को विश्वविद्यालय के दूसरे कैंपस के निर्माण के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया में तेजी लाने में सहयोग देने का भी आग्रह किया। केन्द्रीय मंत्री ने कुलपति को केन्द्र सरकार से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। श्री गुज्जर ने कहा कि वाईएमसीए विश्वविद्यालय राज्य का एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय है और सरकार इस विश्वविद्यालय के विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास में धन की कमी को आड़े नहीं आने दिया जायेगा।

केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का स्वागत करते वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के कुलपति प्रो दिनेश कुमार